FTS No. 69

सं. रा.भा. 11(3)/हिन्दी दिवस/2022/ 337
संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा
दमण एवं दीव प्रशासन,
राजभाषा विभाग,
फोर्ट एरिया,
मोटी दमण-396220.

दिनांक :- 01/08/2022.

सेवा में,

सभी सदस्य अधिकारी,
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दमण.

विषय :- **सूरत, गुजरात में आयोजित होने वाले हिन्दी दिवस एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, 2022 में सहभागिता के संबंध में.**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर कृपया इसके साथ संलग्न उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम), नवी मुंबई के दिनांक 04/07/2022 का पत्र सं. 122/अखिल भारतीय/सम्मलेन/सूरत /2022/210 तथा निदेशक (कार्यान्वयन), गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली के दिनांक 15/07/2022 का कार्यालय ज्ञापन सं. 12016/12/2022-रा.भा.(का-2) का अवलोकन करें।

इस संबंध में यह सूचित करना है कि **इस वर्ष माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में हिन्दी दिवस एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का सम्मिलित आयोजन दिनांक 14 एवं 15 सितम्बर, 2022 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय, इंडोर स्टेडियम, सूरत, गुजरात में किया जा रहा है।** आयोजन को सफल बनाने हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के प्रत्येक सदस्य कार्यालयों से न्यूनतम दो अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया जाना है। नामित किए जाने से संबंधित पंजीकरण लिंक www.rajbhasha.gov.in पर उपलब्ध है। सूरत आने-जाने तथा वहां ठहरने आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

अत: आप सभी से अनुरोध है कि अपने-अपने कार्यालय से न्यूनतम दो अधिकारियों/ कर्मचारियों को उक्त आयोजन में भाग लेने के लिए नामित करते हुए उनका पंजीकरण कराएं। साथ ही पंजीकरण के बाद उन अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम), राजभाषा विभाग, नवी मुम्बई को ई-मेल आई डी mumbairio@gmail.com पर अनिवार्य रूप से भेजें और उसकी सूचना इस कार्यालय को भी दें।

भवदीय,

(डॉ. अनिल कौशिक)
सहायक निदेशक (राजभाषा)/
सदस्य सचिव, न.रा.का.स., दमण.

संलग्नक :- उपर्युक्त.

**प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ :-**

1. माननीय प्रशासक के सलाहकार/अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दमण.
2. सचिव (राजभाषा), दमण.
3. संयुक्त सचिव (राजभाषा), दमण.
4. उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम), केन्द्रीय सदन, छठा तल, सी विंग, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400614.

टेलीफैक्स/Telefax 022 27560225
ई मेल/E-mail - ddimpol-mum@nic.in

भारत सरकार
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग,
क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम)
केंद्रीय सदन, छठा तल, सी विंग, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई 400 614
Government of India
Ministry of Home Affairs. Deptt. Of Official Language
Regional Implementation Office (W)
Kendriya Sadan, 6 th Floor, Sector-10, CBD' Belapur, Navi Mumbai – 400 614

पत्र फा. सं :122 अखिलभारतीय/सम्मेलन//सूरत/2022/ 250 दिनांक: 04.07.2022

सेवा में,

,भा.प्र.स
भा.प्र.से. समाहर्ता एवं जिलाधीश,
अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन
समिति,
दमण,
दमण एवं दीव प्रशासन, सचिवालय,
दमण - 396220

विषय: हिंदी दिवस एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन 2022

महोदय/महोदया,

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस वर्ष माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में हिंदी दिवस एवं दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का सम्मिलित आयोजन दिनांक 14 व 15 सितम्बर, 2022 को सूरत, गुजरात में किया जा रहा है । इस अवसर पर विभिन्न केन्द्रीय मंत्री, राज्य मंत्री सहित गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा देश भर के हिन्दी से जुड़े विद्वान तथा उच्चाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे । इस संबंध में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के अध्यक्ष को संबोधित संयुक्त सचिव महोदया का अ.शा.पत्र अवलोकनार्थ तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है ।

इस अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है । साथ ही साथ यह भी अनुरोध है कि नगर समिति के सदस्य सचिव तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के प्रत्येक सदस्य कार्यालयों से न्यूनतम दो अधिकारी/कर्मचारी का पंजीकरण अनिवार्यतः सुनिश्चित करवाकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान कर अनुगृहीत करें । निकट भविष्य में पंजीकरण हेतु राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर लिंक सक्रिय हो जाएगा । आपकी समिति के सदस्य कार्यालय की सम्मेलन में सहभागिता हेतु नामित अधिकारियों/कर्मचारियों की वास्तविक संख्या पंजीकरण समाप्त होने के बाद क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम), राजभाषा विभाग, केंद्रीय सदन, छठा तल, सी विंग, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई 400 614 को **ई मेल आई डी** mumbairio@gmail.com पर अनिवार्यतः सूचित करने की कृपा करें ।

भवदीया,

(डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य)
उप निदेशक (कार्यान्वयन)
8848099865

संयुक्त सचिव
सलोनी

AD-O.L.

राजभाषा विभाग, दमण
Official Language Department, Daman
आवक सं./Inward No. 486 दिनांक/ Dt. 18/7/22
जावक सं.Outward No.......... दिनांक/Dt..........

अ.शा. पत्र की प्रतिलिपि

वित्त विभाग/FINANCE DEPARTMENT
सचिवालय/SECRETARIAT, MOTI DAMAN
दमण एवं दीव/DAMAN & DIU
FTS DIARY / LETTER
INWARD No. 56 Dt. 14/07/22
OUTWARD No.......... Dt. 19/7/22

सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा
O/o. The Secretary Higher & Technical Education
File/Letter No.: 56
Inward Date: 14/7/22
Outward Date: 14/7/22

अ.शा. पत्र सं. [illegible]/2022 [illegible]

डॉ० मीनाक्षी जौली
संयुक्त सचिव
DR. MEENAKSHI JOLLY
JOINT SECRETARY
Telefax : 23438130
E-mail : jsol@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
राजभाषा विभाग
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-II भवन,
4th FLOOR, N.D.C.C.-II BHAWAN,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
JAI SINGH ROAD, NEW DELHI-110001

प्रिय महोदय / महोदया,

दिनांक 28 जून, 2022

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय संघ के सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने और समस्त सांविधिक एवं कानूनी उपबंधों का पालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से, अनेक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है। इन्हीं उत्तरदायित्वों की एक कड़ी के रूप में विभाग द्वारा प्रतिवर्ष हिंदी दिवस का आयोजन दिल्ली में किया जाता रहा है। **अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस वर्ष हिंदी दिवस का आयोजन माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में भव्य एवं गरिमामयी स्वरूप में पहली बार दिल्ली से बाहर सूरत (गुजरात) में किया जाएगा। हिंदी दिवस एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का सम्मिलित आयोजन 14-15 सितंबर, 2022 को सूरत में होगा।**

2. इस अवसर पर विभिन्न केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री सहित गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा देशभर के हिंदी से जुड़े विद्वानों तथा हिंदी दिवस के अवसर पर पुरस्कृत संगठनों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

3. वर्तमान में पूरे देश में कुल 527 नराकास कार्यरत हैं। सभी नराकास अध्यक्षों से अनुरोध है कि उक्त सम्मेलन में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करें। यह भी अपेक्षित है कि नराकासों के प्रत्येक सदस्य कार्यालयों से न्यूनतम 02 अधिकारियों/ कर्मचारियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करवाई जाए। सम्मेलन में शामिल होने के लिए विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर पंजीकरण कराना होगा, जिसकी अद्यतन सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई जाएगी।

शुभेच्छु,

मीनाक्षी जौली

**(मीनाक्षी जौली)**

**सभी नराकासों के अध्यक्ष।**

वेबसाइट के द्वारा

फा.सं-12016/12/2022-रा.भा(का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
(राजभाषा विभाग)
*****

एन.डी.सी.सी-II बिल्डिंग, चौथा तल,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 15 जुलाई, 2022

## कार्यालय ज्ञापन

राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय अपने संवैधानिक दायित्वों के अन्तर्गत केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंकों आदि में राजभाषा हिंदी के प्रसार और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा **दिनांक 14 एवं 15 सितंबर, 2022 को सूरत (गुजरात) में हिंदी दिवस एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन** का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन स्थल **पंडित दीनदयाल उपाध्याय, इंडोर स्टेडियम, सूरत** है।

2. माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में होने वाले हिंदी दिवस एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति और बेहतर करने के बारे में चर्चा की जाएगी। अत: केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/नराकास (अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव) आदि से अपेक्षा है कि वे इस सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभागी भेजकर आयोजन को सफल बनाएं।

3. इस सम्मेलन में प्रतिभागियों के टी.ए./डी.ए. का वहन संबंधित मंत्रालय/कार्यालय/संगठन द्वारा सरकारी नियमानुसार किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपने ठहरने की व्यवस्था भी स्वयं करनी होगी।

4. उक्त सम्मेलन में राजभाषा से जुड़े सभी कार्मिकों और राजभाषा का काम देख रहे अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए।

5. सम्मेलन में प्रतिभागिता हेतु अपना पंजीकरण (नि:शुल्क) राजभाषा विभाग की वेबसाइट **rajbhasha.gov.in** पर दिए गए लिंक https://164.100.54.22[illegible]/dolregister से करना आवश्यक है।

15/07/2022

(बी.एल. मीना)
निदेशक(कार्यान्वयन)
फोन : 011-23438129

**सेवा में,**

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम/नराकास/स्वायत संस्थान/ संवैधानिक निकाय आदि।

राजभाषा विभाग, दमण
Official Language Department, Daman
आवक सं./Inward No. 527 दिनांक/ Dt. 01/08/2022
जावक सं.Outward No.......... दिनांक/Dt..........